View metadata, citation and similar papers at core.ac.uk
brought to you by CORE
provided by CMFRI Digital Repository

ISSN: 0972 - 2351

मत्स्यगंधा
2003

मात्स्यिकी और जीविकोपार्जन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
कोचीन - 682018

गुजरात की संकरी खाडियों में खाद्य शुक्ति पालन से रोज़गार

सुजिता तोमस और के.के. अप्पुकुट्टन
सी एम एफ आर आइ का कालीकट अनुसंधान केंद्र, केरल

पूरे सौराष्ट्र तटों में संकरी खाडियाँ दिखाई पड़ती है। संकरी नदी-नालियों के इस प्रदेश में मनसून और उच्च ज्वार के दौरान समुद्री पानी का प्रवेश भी होता है। मानसून के बाद पानी प्रवाह कम हो जाने की वजह से पानी नमकीन स्वभाव का हो जाता है। सौराष्ट्र में चलाए सर्वेक्षणों ने व्यक्त किया है कि साल में नौ महीने पानी नमकीन होता है। खाडियों के पथरीले प्रतलों में खाद्य शुक्ति जैसे *क्रासोस्ट्रिआ ग्राइफोइडस, क्रासोस्टिआ रिविलिरस* और *क्रासोस्ट्रिआ कुक्कुलाटा* की बढती होती हैं। कम मात्रा में *क्रासोस्ट्रिआ माड्रासेनसिस* भी यहाँ दिखाया पडता है।

मियानी और नवाबंदर में आजकल शुक्ति *ग्राइफोइडिया* की पकड होती है। यहाँ से 80-110 मि मी आकार का शुक्ति मिलता है। मत्स्यन निम्नज्वार के समय किया जाता है। मछुए पानी में डूबकर चट्टानों में चिपके हुए शुक्तियों को छेनी और हथौडे के सहारे तोडकर संग्रहण करते हैं। 2 घंटों के प्रयत्न में 4-6 कि ग्राम का मांस प्राप्त कर सकता है। मांस को स्थानीय बाज़ारों में 80-100 रु तक मिलता है। जो मांस बाज़ारों में पहूँचता है वह माँगपूर्ति केलिए पर्याप्त नहीं है जो कि यहाँ की संकरी खाडियाँ शुक्ति खेती केलिए प्रत्याशा देती है।

केरल में शंबु और शुक्तिपालन प्रणालियाँ सफल रूप से चल रही है। सौराष्ट्र की महिला मछुआरों के बीच इसका प्रचार किया जा सकता है। क्योंकि पालन प्रणाली बहुत सरल है और पालन केलिए आवश्यक असंस्कृत वस्तुएं यहाँ लभ्य भी है। पानी का नमकीपन 9 महीनों तक 22-35 पी पी टी के बीच में रहता है जो कि खेती की एक बारी केलिए पर्याप्त समय है। रैक व रेन शुक्ति पालन तरीका यहाँ अनुयोज्य लगेगा जिसके प्रयोग पर प्रशिक्षण और प्रचार किया जाने चाहिए।

पालन खेत अनुयोज्य है और पालन रीतियाँ आसान। फिर कच की खाडियों में खाद्य शुक्ति पालन क्यों किया नहीं जा सकता-हमें चाहिए प्रयोग व परीक्षण और इस से रोज़गार।

पत्रव्यवहार : श्रीमती सुजिता तोमस, वैज्ञानिक, कालीकट रिसर्च सेन्टर आफ़ सी एम एफ आर आइ, कालीकट और के.के. अप्पुकुट्टन, प्रभागाध्यक्ष, मोलस्क मात्स्यिकी प्रभाग, केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

मुख्य शब्द - Keywords
खाद्य शुक्ति - edible oyster (a Bivalve)
क्रासोस्ट्रिआ ग्रैफोइडस/माड्रासेन्सिस - Eastcoast edible oyster
क्रासोस्ट्रिआ रिविलिरिस/कुकुलाटा - West coast edible oyster
रैक और रेन - rake & ren